CAMSON

दो दिवसीय प्रदर्शनी के बाद बढ़ा उत्साह

# मिर्च उत्पादन की ओर बढ़ रहा किसानों का रूझान

जागरण संवाददाता, बड़वानी

कैमसन बॉयो टेक्नो. लि. बैंगलोर द्वारा मिर्च के क्षेत्र में नई किस्म गोमती, जिसका प्लॉट बड़वानी जिले के कुन्डिया ग्राम में महेश यादव के यहां प्रदर्शन के रूप मे दिखाया गया था, जिसमें दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई थी, जिसका उद्घाटन कम्पनी के ऑल इण्डिया इंचार्ज चौकि सिंग एवं एमपी इचार्ज ब्रजेश अग्निहोत्री द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय आयोजित प्रदर्शनी मे म.प्र. के खण्डवा, खरगौन, बड़वानी, धार, रतलाम, भोपाल, कटनी से आए डीलर्स एवं फार्मर ने भाग लिया। इस मिर्च की विशेषता यह है कि अन्य वैरायटी की अपेक्षा इसका दुगुना उत्पादन पाया गया एवं बिमारी से लड़ने की क्षमता भी दुगुनी पाई गई, जिसको देखकर किसानों को विशेष खुशी हुई एवं भविष्य में भी इसे लगाने की दूसरी पहल की गई।

## ...ज से शुरू होगी हड़ताल

...र ज्ञापन प्रस्तुत कर किया, फिर ...शासन नहीं जागा। उन्होंने बताया ... दूसरे चरण में दिनांक 1.10.09 ...प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के ... अपनी मांगों को मनवाने हेतु ...हिक अवकाश लेकर प्रदर्शन ...ा गया, फिर भी शासन ने मांगों ... उपेक्षित ही रखा। इसके बाद ...े चरण में राजधानी भोपाल में दिनांक 31.10.09 को महारैली निकालकर कर्मचारियों ने शासन को जगाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी शासन ने कर्मचारियों की उपेक्षा ही की। शासन की अनदेखियों से तंग होकर कर्मचारियों के संगठनों ने अंत में अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया है, जिसकी शुरुआत आज से की जा रही है।

## सिलावद में बंदरों का आतंक

जागरण संवाददाता, सिलावद

**15 से अधिक बंदर मचा रहे धूम**

नगर में पिछले चार-पांच दिनों से 15 से अधिक बंदरों ने अपना डेरा डाल रखा है। बस स्टैंड सहित नगर के अन्य गली-मोहल्लों में घुमकर इन बंदरों द्वारा काफी धूम मचाई जा रही है। कभी घरों की छत पर तो कभी ओटलों और पेड़ो पर उछलकूद कर बंदर धूम मचा रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानियां भी झेलनी पड़ रही है। बस स्टैंड के फल व्यवसायियों को इनसे भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है, हालांकि लोग इन्हें खाने की वस्तुएं भी दे रहे हैं। बच्चे भी दिनभर इनके आगे-पीछे रहकर मनोरंजन करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। इन तादाद में ये बंदर कहां से आये, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

## ...प्रदेश बनाने का संकल्प

के कार्यवाहक अध्यक्ष महेन्द्रकुमार जायसवाल ने मध्यप्रदेश दिवस सप्ताह के दौरान प्रारंभ किये गये कार्यों

## जिला अस्पताल में भी...

Copyright 2010 CAMSON. All Rights Reserved